जरूर कहूंगा, और कल यहां यह चर्चा होने के बाद, मैंने खुद मुख्य मंत्री जी से बात की थी और वे बड़ी कृपा करके यहां आए थे। उनके साथ बात होने के समय हमने उनको बताया था कि दोनों सदनों के सदस्यों का कहना है कि मैजिस्टेरियल इन्क्वायरी काफी नही है, जयुडिशियल इन्कवायरी होनी चाहिए, तो उन्होंने ज्युडिशियल इन्क्वायरी करने की बात मान ली। इसके बाद उन्होंने यह भी कहा कि दूसरे सदन के सम्मानित सदस्य वहां गए थे, वहां के लागों ने उनके साथ सही बर्ताव नहीं किया। उन्होंने कहा कि अगर मुझे उसका नाम मिल जाए या उस अधिकारी का कैसा हुलिया था, यदि उसकी भी जांच के लिए कुछ करना होगा तो मैं करूंगा। अब अधिकारी के खिलाफ जो एक्शन लेने की बात है, यहां डायरेक्शन जाती है कि इसके ऊपर एक्शन ले लो, उसके ऊपर एक्शन ले लो। न आप कहेंगे कि उनको देना चाहिए, मैं उनको कहूंगा कि जो जरूरी है, वह करना पड़ेगा। अगर वहां पर कोई गलत बात हुई है तो उसको ढक कर नहीं रखना है और कोई ऐसी चीज भी नहीं करनी है, जिसकी वजह से दूरगामी परिणाम हमारी आर्थिक उन्नति में, संबंधों में भी रह सकते हैं। ...(व्यवधान)...

SHRI DIPANKAR MUKERJEE (West Bengal): Those workers who have been arrested should be released. It should be directed that without going into the case workers should be released. This should be first gesture. ...*(Interruptions)*...

SHRI SHIVRAJ V. PATIL: I will convey it to the Chief Minister. He will look into it. If they have been arrested and if some cases have been filed, I will convey to him as to how to deal with it.

MR. CHAIRMAN: Reply to the discussion on the situation arising due to drought and floods in various parts of the country raised by Shri Jayantilal Barot on the 26th July, 2005. When the House adjourned on the 26th July, 2005, the hon. Deputy Chairman announced that the discussion has been concluded and the concerned Minister will reply.

SHORT DURATION DISCUSSIONS

Drought and floods in various parts of the country—(contd.)

गृह मंत्री (श्री शिवराज वी॰ पाटिल) : श्रीमन् कल जब यहां पर जो चर्चा हुई थी तब मैं इस सदन में उपस्थित नहीं था। उस समय दूसरे सदन में चर्चा हो रही थी, उस समय मेरा वहां होना जरूरी था। यहां जो भी चर्चा हुई और जो भी मुद्दे यहां पर उठाए गए, मैंने उनको देखने की कोशिश की है। उसके आधार पर मैं यह कह सकता हूं कि चर्चा बड़े अच्छे ढंग से और बड़ी जिम्मेदारी से और बड़ी अच्छी सूचनाएं देते हुए हुई है। इसके लिए मैं सारे सदस्यों का जिन्होंने इसमें हिस्सा लिया है, आभार व्यक्त करना चाहूंगा। मैं यह कहना चाहूंगा कि उन्होंने जो भी मुद्दे उठाए हैं, शायद सारे मुद्दों का जवाब देना,

जवाबी भाषण संभव नहीं है, मगर हम उनकी गहराई में जाकर, देखकर जितने भी मुद्दों पर अमल कर सकते हैं, हम जरूर अमल करेंगे। कल जो चर्चा हुई, उस चर्चा में भाग लेते हुए

[श्री उपसभापति पीठासीन हुए]

माननीय सदस्यों ने अपनी-अपनी स्टेट के बारे में काफी कहा है कि उनकी स्टेट में बाढ़ की हालत कैसी रही, उससे कितना नुकसान हुआ और उनको किस प्रकार की मदद करनी चाहिए, इस बारे में उन्होंने चर्चा की। हम यह बात ध्यान में रखेंगे और उस पर जो अमल करना है, वह करेंगे। मैं यह बताना चाहता हूं कि इस साल खुशकिस्मती से सब तरफ बारिश ऐसी हुई है कि जहां पर ज्यादा बारिश हुई है, वहां नुकसान हुआ और उस नुकसान की भरपाई करने का काम हमको करना पड़ेगा। मगर जहां पर बारिश ठीक हुई है, उसका फायदा भी हमको हुआ है। बारिश की वजह से जितने तालाब थे, वे पानी से भरे हुए नजर आते हैं। मुझे बताया गया है कि 98 प्रतिशत इस सीजन की बारिश इन दिनों में होगी। कुछ जगहों पर बहुत ज्यादा हुई है, जिसकी वजह से नुकसान हुआ है। यह एक ऐसी बात है जिसकी वजह से नुकसान हुआ है, इसके लिए हमें दुख है, मगर हम सभी को मिलकर इस नुकसान को पूरा करना है। दूसरी तरफ अच्छी बारिश होने की वजह से, तालाब भरने की वजह से इस साल जो पीने के पानी या खेती के लिए पानी की जो आवश्यकता होती है, वे दोनों आवश्यकताएं भी पूरी हो जाएंगी। यह भी कहा जा सकता है कि अगर तालाब पूरी तरह से भर गए तो उसका उपयोग आने वाले दो सालों के लिए भी हो सकता है। इस साल की एक खासियत रही है कि दक्षिण हिन्दुस्तान में बारिश ज्यादा हुई है और उसके मुकाबले में उत्तर हिंदुस्तान में, जहां ज्यादा बारिश होती है, वहां पर शायद कम होती नजर आ रही है। हम हर साल जब बाढ़ और अकाल पर चर्चा करते हैं, तो सवाल आ जाता है कि किस हिस्से में अधिक बाढ़ आई है और किस हिस्से में अकाल है। अकाल का हिस्सा दक्षिण हिंदुस्तान का होता है और बाढ़ का उत्तर हिंदुस्तान का हिस्सा होता है। लेकिन ऐसी परिस्थिति हमें देखने को मिली है कि इस साल यह बिल्कुल बदली हुई नजर आ रही है। दक्षिण हिंदुस्तान में वर्षा ज्यादा हुई है और उत्तर हिंदुस्तान, जहां ज्यादा होती थी, वहां शायद उतनी वर्षा इस साल नहीं हुई है। अरुणाचल प्रदेश और बंगाल के हिस्सों, असम, बिहार के कुछ हिस्सों में जरूर कुछ ज्यादा बारिश हुई है, मगर इस साल सबसे ज्यादा बारिश गुजरात और मध्य प्रदेश में हुई है। इसके साथ-साथ महाराष्ट्र में भी दो दिन से बहुत जोरों से बारिश हो रही है, गोवा के अंदर भी ज्यादा बारिश हुई है। इस बारिश की वजह से यहां पर काफी नुकसान होता नजर आता है। जिन प्रांतो में ज्यादा बारिश हुई है , अगर उनके नाम बताने हैं तो मैं कह सकता हूं कि कर्नाटक, महाराष्ट्र, गोवा और गुजरात में ज्यादा बारिश हुई , मध्य प्रदेश में भी ज्यादा हुई है और उड़ीसा के कुछ हिस्सों में भी काफी बारिश हुई है। अरुणाचल प्रदेश में, वेस्ट बंगाल में भी इसका असर हुआ है और कुछ थोड़ा सा बिहार में भी हुआ है, यह मैं बता सकता हूं अगर इसके आंकड़े जानना चाहते हैं तो मैं इस प्रकार से बता सकता हूं कि कुल मिलाकर 131 जिलों में इसका असर

हुआ है। मैं प्रांतों की बात नहीं कर रहा हूं क्योंकि पूरे प्रांतो में बारिश नहीं है कुछ हिस्सों में बारिश हुई है और कुछ हिस्सों में बारिश नहीं हुई , इसलिए मैं जिलों की बात बता रहा हूं। अब मैं तालुकों के बारे में बताना चाहता हूं। 131 जिलों में ज्यादा बारिश हुई है लेकिन जिन तालुको में ज्यादा बारिश हूई है उनकी संख्या 277 है। इसकी वजह से गांवों पर असर हुआ है। इनकी संख्या काफी है और यह संख्या करीब-करीब 16,000 है। यह 15,930 है। हम कह सकते हैं कि 16,000 गांवों में इस बारिश का ज्यादा असर हुआ है, बुरा हुआ है। इसमें कितनी लोक संख्या प्रभावित हुई है, इस संदर्भ में मैं बताना चाहता हूं कि इसमें 54.54 लाख लोक संख्या प्रभावित हुई है, यानी करीब-करीब 55 लाख लोग इससे प्रभवित हुए हैं । यह संख्या भी काफी बड़ी है। इसमें जान का जो नुकसान हुआ है, मृत्यु की संख्या करीब-करीब 600 हैं इसमें 633 लोगों की जानें गई हैं । जो मवेशी इससे प्रभावित हुए हैं, वे भी बहुत हैं। 76,000 मवेशी इससे प्रभावित हुए हैं। जमीन का जो नुकसान हुआ है, वह पूरा मिलाकर, जो बताया गया है, वह करीब-करीब 7 लाख हेक्टेयर है। 7 लाख हेक्टेयर जमीन पर इसका प्रभाव पड़ा है। इस पानी की वजह से जो घर बर्बाद हुए हैं, उनकी संख्या 2,83,000 है। अगर इसे देखा जाए तो हम कह सकते हैं कि हर जगह पर काफी नुकसान हुआ है और इसका मुकाबला करने के लिए हमें तैयारी करनी होगी।

सरकार ने क्या किया और खासकर प्रान्तों की सरकारों ने इस बारे में क्या किया? यह देखना जरूरी है। मुझे यह कहने में गर्व का अनुभव होता है कि सारे प्रान्तों की सरकारों ने अपनी पूरी ताकत लगा कर लोगों को मदद करने की कोशिश की। उनके पास जो यंत्रणा थी, उसका उपयोग किया। उनके जो अधिकारी थे, उनके पास जो साधन थे, उनके पास जो पैसा था, उनके पास जो नियोजन था, इन सारी चीजों का उन्होंने उपयोग किया। ज्यों ही ये हालात वहां पर पैदा हुए, वहां की सरकारों ने उन्हें मदद करने का काम किया। सबसे पहले उनका काम था कि जो लोग बाढ़ में अटके हुए हैं, बाढ़ से प्रभावित हुए हैं, अगर उनकी जान को कोई खतरा है तो उन्हें उस जगह से कैसे दूर निकाला जाए। यह सबसे पहली बात थी। उन्होंने और उनके अधिकारियों ने बड़े अच्छे ढंग से यह काम किया है।

उनके सामने दूसरा सवाल यह था कि जो लोग पानी से घिरे हुए हैं, उनके खाने का इंतजाम कैसे करना चाहिए? उन्होंने उन तक हवाई जहाज से, बोट्स से पकाया हुआ खाना पहुंचाया। वहां के लोग अपने सर पर भी खाना ले कर गए। इसके साथ-साथ लोगों ने बहुत सारी जगहों पर उनके खाने का इंतजाम किया। पीने के पानी का इंतजाम भी पैकेट्स में और बोटल्स में, जहां पीने का पानी नहीं था, वहां पर पहुंचाया गया है। उन्होंने उन्हें दवाइयां भी पहुंचायी थीं। केन्द्र सरकार की ओर से इसके बारे में जितनी भी उनकी मांगें थीं, वह हमने पूरी करने की कोशिश की।

उनकी सबसे पहली मांग थी कि जो लोग पानी से घिरे हुए हैं, उन तक अनाज पहुंचाने के लिए या उनको वहां से बचाने के लिए हेलिकॉप्टर की या हवाई जहाज की जरूरत है, तो वह हमने उनको

दिया और उन्होंने उसका उपयोग किया। इसके बाद उनकी मांग थी कि उन्हें बोट्स चाहिए और उन्हें वे भी दिए गए। नेवी के पास जो बोट्स थे, वे उन्हें दिए गए। हमने खास कर उत्तर हिन्दुस्तान में बहुत सारे बोट्स रखे हुए हैं। बिहार के अन्दर, अरुणाचल प्रदेश के अन्दर, असम के अन्दर जब बाढ़ आती है, जो उन बोट्स का उपयोग किया जाता है। मगर खुशकिस्मती से इस साल वहां पर बाढ़ नहीं थी और वहां पर बोट्स थे। वे बोट्स हवाई जहाज में रख कर गुजरात और मध्य प्रदेश पहुंचाए गए और उन बोट्स का वहां पर उपयोग किया गया।

वहां से अनाज की कोई मांग नहीं थी, क्योंकि उनके पास अनाज था, मगर दवाइयों की मांग थी। हम उनकी दवाइयों की मांग भी पूरी कर सके, हम उन्हें दवाइयां दे सके। जब यह हो रहा था, तब हमारे केन्द्र के मंत्रीगण और पक्ष के नेता भी वहां पर पहुंचे और उन्होंने उनके साथ बात की। जब उन्होंने कहा कि उन्हें पैसों की जरूरत है, तो उन्होंने जितना भी पैसा मांगा था, हमने उतना देने की कोशिश की। हिमाचल प्रदेश में बहुत बाढ़ आई है, वहां पर तिब्बत में जो डैम है, उसके टूटने की वजह से और वर्षा होने की वजह से भी बाढ़ आ गई। उन्होंने जो पैसा मांगा था, वह उनको दो किश्तों में दिया गया। गुजरात ने भी जो पैसा मांगा था, वह उनको दिया गया और जो पैसा मध्य प्रदेश ने मांगा था, उनको भी हमने दे दिया। दूसरे प्रान्तों से पैसों की मांग जैसे-जैसे आएगी, वह हम देख कर करेंगे। पैसा देने का काम हम तीन तरीके से कर रहे हैं। एक स्कीम यह है जिसके द्वारा फाइनांस कमीशन से जितना पैसा स्टेट गवर्नमेंट को देने के लिए कहा गया है, वह पैसा उनको मांगते ही इम्मेडिएटली दिया जाता है। दूसरा है नेशनल केलामिटी फंड से जो पैसा दिया जाना है, जब वह पैसा काफी नहीं होता है, तो ज्यादा पैसे की मांग होती है और उस पैसे की पूर्ति यहां से करना जरूरी हो जाता है। महोदय, उसमें कोई टीम वहां पर जाती है, देखती है कि कितना नुकसान हुआ है और आकर कहती है कि इतना नुकसान है, इतनी मांग है, इतना पैसा उनको देना चाहिए। मगर हम इस समय ऐसी formality में भी नहीं जा रहे हैं। वहां जाने के बाद उन्होंने बताया कि हमें कुछ पैसों की जरूरत है; 5000 करोड़ रुपयों की जरूरत है। हमने 500 करोड़ रुपए उनको दे दिए, मगर हम यह अच्छी तरह से जानते हैं कि इतना नुकसान हुआ है कि पहली किस्त जो गई है, वह भी काफी नहीं है। दूसरी किस्त जो हमने दी है, शायद वह भी काफी नहीं होगी। उससे भी ज्यादा पैसे की मांग उधर से आ सकती है। कल शायद यही बात यहां पर बहुत सारे सदस्यों ने अपने भाषण में बतायी है। हम सदस्यों को यह आश्वस्त करना चाहते हैं कि जो भी मांग उनकी तरफ से आएगी-वह चाहे सड़क दुरुस्ती के लिए हो या घर बाँधने के लिए हो या पीने का पानी देने के लिए हो या बिजली की व्यवस्था करने के लिए हो या स्कूल बनाने के लिए, हॉस्पिटल बनाने के लिए हो, हमें उसकी भी व्यवस्था देश की मदद लेकर करना जरुरी है। मगर वह थोड़ा सा अलग तरीके से किया जाएगा। जब यहाँ पर सुनामी आई तो हमनें क्या किया था? हमने पहले आदमियों को बचाया, खाना खिलाया, बाद में थोड़ा पैसा दिया, बाद में थोड़ा और पैसा दिया। उसके बाद यहाँ पर एक कमेटी

का गठन किया और उनको कहा कि आप वहां जाइए और देखिए कि कितनी मील सड़कें उनकी नादुरुस्त हुई हैं, कितनी बिजली का नुकसान हुआ है, कितने घर गिरे हैं? आप उसका मुआयना कीजिए और हमें बताइए कि हम इसको किस प्रकार से करें। हमनें प्लानिंग कमीशन की तरफ से एक कमेटी बनाकर उस कमेटी के सारे एक्सपर्ट्स को बिठाकर और उनसे अंदाजा लेकर वह रकम कैबिनेट की मंजूरी के बाद उनको देने की एक कोशिश की है। सुनामी में हम लोगों ने यहां से 10 हजार करोड़ रुपए तक मदद की है। यह पहले फेज का जो काम है-लोगों को बचाना और लोगों को खाना देना-मेरे ख्याल से यह काम गुजरात, मध्य प्रदेश, अरुणाचल और असम में हुआ है। आज शायद यह काम महाराष्ट्र और गोवा के अंदर चालू है। वहां पर भी बहुत से लोगों की जानें गई हैं। मुझे बताया गया है कि महाराष्ट्र के अंदर करीब-करीब 50 लोगों की जानें गई है। ...(व्यवधान)...

श्री संजय राजाराम राउत (महाराष्ट्र): महोदय, 50 लोगों की नहीं बल्कि 300 लोगों की जानें गई है।

श्री शिवराज वी.पाटिल: ठीक है, हम ऐसी प्रार्थना करेगें कि इतनी जानें नहीं जाएं। अगर यह सही है तो उसके लिए भी मदद करेगें। सही आंकड़ा क्या है, वह हम देख लेगें कि वहां कितना उसका नुकसान हुआ है। हमने वहां पर भी हेलीकॉप्टर्स भेजे है, नेवी के बोट्स भेजे है और आर्मी के कॉलम्स भी भेजे है और उनको कहा है कि आपको जिस चीज की भी जरुरत हो, हम यह है उसकी मदद करेंगें। इस प्रकार से वह काम करेंगें। दूसरे फेज का काम भी काफी अहमियत रखता है। दूसरे फेज में यह देखना जारी होता है कि वहां कोई महामारी नहीं फैले। कोई ऐसी बीमारी नहीं फैले जिसकी वजह से लोगों पर असर हो जाए। जो मरे हुए मवेशी या मनुष्य हैं, उनको वहां से निकालना, उनको दफनाना या जलाना बहुत जरूरी हो जाता है। वह काम भी कुछ प्रांतों में हुआ है और दूसरे प्रांतों में भी जरूर किया जाएगा। उसके साथ-साथ तीसरा काम जो वहां करना जरूरी होता है कि जिनके घर गिरे और मैंने आपको आंकड़े दिए कि कितने घर गिरे हुए हैं। वहां पर जो घरों का नुकसान हुआ है करीब-करीब 3 लाख घर गिरे हुए है। अब इन 3 लाख घरों में रहने वाले लोग, जिनके घर गिर गए हैं, उनके टेम्परारी शेल्टर का काम करना बहुत जरूरी हो जाता है। हमने प्रांत की सरकार से कहा है कि आप जिस प्रकार से वह काम करना चाहतें हैं, कीजिए। अगर कोई ऐसी जगह है जहां पर आप रख सकते हैं तो वह कीजिए या आप टेम्परारी शेड बनाने का काम कर सकते हैं तो वह भी कीजिए। सुनामी जब हुई तो टेम्परारी शेड बनाने का काम भी किया गया था। जब अर्थ क्वेक हुआ तो उस समय भी यह काम किया गया था। इसी प्रकार से उसका भी काम करने के लिए उनको कहा गया है और यह काम कुछ प्रांतों में चालू है और दूसरे प्रांतों में भी चालू हो जाएगा। यह तीसरा फेज बहुत रकम मांगता है और इस काम को बहुत गहराई में जाकर, सोचकर करना पड़ेगा। एक बात तो यह है कि अगर नदी के किनारे किसी के घर है और वहां पर बार-बार बाढ़ आती है जिसमें

उनके घर बह जाते हैं, उनकी जान और माल का नुकसान होता है, तो यह देखना पड़ेगा कि वे घर किस जगह पर बनाए जाएं। वहीं बनाए जाएं या और कहीं बनाए जाएं, यह देखना पड़ेगा। दूसरी बात यह है कि पीने के पानी की दिक्कत हर जगह पैदा हुई है। इसलिए वहां पर पीने के पानी की कमी को किस प्रकार से पूरा करना है इसको भी देखना जरूरी हो जाएगा। तीसरी बात जो है, वह यह है कि वहां पर अगर स्कूल की बिल्डिंग गिर गई है, या हास्पीटल की बिल्डिंग गिर गई है, तो उसको भी तैयार करना है, यह देखना पड़ेगा। इसके हम एक कमेटी बनाएंगे और उस कमेटी को कहेंगे कि हर प्रांत के साथ बैठकर इन सारे विभागों में उनका कितना नुकसान हुआ है, उसकी जानकारी लेकर देखे कि उन्हें कितने पैसे की जरूरत है, कितने दिन में उसे बनाएंगे, किस प्रकार से नई टैक्नोलोजी का उपयोग करके बनाएंगे। तो इसके लिए हम एक कमेटी बनाकर इसका विचार करेंगे। अब उसमें प्रांत की सरकार अपना कितना हिस्सा उठा सकती है, वह भी देखेंगे और केन्द्र की सरकार से उसमें कितनी मदद करनी है, वह भी हम देखेंगे। यह जो रिहैब्लिटेशन का काम है, इसको हम करेंगे।

श्रीमन् यह जो बाढ़ का मामला है, इसके संबंध में संक्षेप में मैं इतना ही कहना चाहूंगा कि बहुत सारे डिटेल्स के मालूमात दिए जा सकते हैं, आंकड़ें भी दिए जा सकते हैं, मगर मैं समझता हूँ कि वे सारे आंकड़ें देने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि सभी माननीय सदस्य अच्छी तरह से अपने प्रांत के बारे में जानते हैं। अगर वे चाहें, तो मैं दूसरे प्रांतों का लिखित रूप में उनको दे दूंगा। हमारे देश में इस बात का सोचना जरूरी है कि हमारा यह देश इतना बड़ा है, यहां हर साल किसी न किसी प्रांत में बाढ़ आती है, हर साल किसी न किसी प्रांत में सूखा पड़ता है और हर साल इस बाढ़ का मुकाबला करने के लिए और सूखे से लोगों को बचाने के लिए हमें कदम उठाने पड़ते हैं। इसके लिए एक स्थाई व्यवस्था का होना आवश्यक है। सवाल यह है कि स्थाई व्यवस्था क्या हो सकती है? इस स्थाई व्यवस्था के लिए कदम उठाना जरूरी है और खुशकिस्मती यह है कि पहले जो रिकार्ड आए थे उसके आधार पर, आज जो विचार हो रहा है उसके आधार पर भी और सुनामी के बाद उसकी तीव्रता को जानते हुए हम लोगों ने कदम उठाने की कोशिश की है। सबसे पहली बात हमने जो की है, वह है नेशनल डिसास्टर मैनेजमेंट ऑथोरिटी निर्माण करने की। आज संसार में अलग-अलग देशों में इसके ऊपर विचार किया गया है और हर देश में इस प्रकार की व्यवस्था, इस प्रकार की अथोरिटी, एक प्रकार का इंस्टीटयूशन बनाया गया है, जो इस प्रकार की आपदा आने पर ही विचार नहीं करती बल्कि आने वाले दिनों में अगर इस प्रकार की कोई आपदा आए तो उसका कैसे मुकाबला करना है, उसकी पहले से ही तैयारी करती है। यह जरूरी है और इसलिए हमने अपने देश में अगर बाढ़ आए तो उसका कैसे मुकाबला किया जाए, अगर सूखा आए तो उसका कैसे मुकाबला किए जाए, अगर भूकंप आए तो उसका कैसे मुकाबला किया जाए, अगर लैंड-स्लाइड हो तो उसका कैसे मुकाबला किया जाए, अगर अवालांच (avalanche) हो तो उसका कैसे मुकाबला किया जाए

या साइकलोन आए तो उसका कैसे मुकाबला किया जाए, इस पर विचार करने के लिए यह अथोरिटी बनाई है। इसके मैम्बर भी अपायंट हुए हैं और उनको काम करने के लिए कहा जा रहा है। जब ये सदस्य बैठेंगे, तो सोचेंगे कि हमारे देश के किस हिस्से में हमेशा बाढ़ आती है, जैसे अरुणाचल प्रदेश है, असम है, बिहार है, उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्से हैं और कुछ दूसरे प्रांतों के ऐसे हिस्से हैं, जहां हर साल बाढ़ की आपदा का सामना वहां के लोगों को करना पड़ता है, उन इलाकों को क्या मदद करनी है, इसकी पूरी तैयारी करनी है। वहां पर सिर्फ बोट देना है, इतना ही काफी नहीं है बल्कि वहां पर गांव कैसे बसाना है, कहां बसाना है, यह भी देखना है। अगर बाढ़ आने के बाद वे गांव पानी से घिरे रहने वाले हैं तो घिरे रहने वाले दिनों में वहां अनाज की कमी न हो, इसके लिए ग्रेन-बैंक्स या गोदाम रखकर किस तरह उनकी मदद करनी है, यह भी हमें देखना है। इसके लिए यह अथॉरिटी बनाई गई और इस अथॉरिटी का काम शुरू हो गया है। हम यह चाहते हैं कि स्टेट गवर्नमेंट में भी इस प्रकार की अथॉरिटी बनाई जाए। गुजरात सरकार ने इस प्रकार की अथॉरिटी बनाई है। वहां पर जब भूकम्प आया तो उनको यह मालूम हुआ कि भूकम्प आने के बाद तैयारी करना ठीक नहीं है, भूकम्प आने से पहले तैयारी करनी जरूरी है। इसलिए उन्होंने एक स्टेट अथॉरिटी वहां पर बनाई है। सिर्फ स्टेट की ही अथॉरिटी नहीं बनाई है, बल्कि उन्होंने स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी बनाने के लिए कानून भी बनाया है। इसी प्रकार से उड़ीसा में भी हुआ। वहां पर जब साइक्लोन आया और वहां लोगों का नुकसान हुआ तो उन्होंने सोचा कि ऐसा मौका आने पर काम शुरू करने की बजाए ऐसा मौका आने से पहने ही काम शुरू करें। उन्होंने उसके लिए कदम उठाए हैं। हमने दूसरे प्रान्तों को भी कहा है कि आप भी इस प्रकार की स्टेट डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी बनाइए और चाहें तो आप कानून भी बनाएं और यह प्रयास हो रहा है कि हम जो यहां पर कानून लाए हैं, वह आपके सामने जरूर आएगा, वह स्टैंडिंग कमेटी के सामने है और वह आएगा तो उससे हमको बहुत फायदा होगा। उसमें मैन मेड डिजास्टर और नेचर मेड डिजास्टर, इन दोनों को अलग-अलग करके सोचना है। मैन मेड डिजास्टर में अगर न्यूक्लिअर या रेडियोलॉजिकल डिजास्टर हुआ तो क्या करना है, बायोलॉजिकल डिजास्टर हुआ तो क्या करना है या कैमिकल डिजास्टर हुआ तो क्या करना है, इसके ऊपर विचार किया जाएगा और नेचर डिजास्टर में फ्लड, अर्थक्वेक, साइक्लोन वगैरह, वगैरह हैं, इसके बारे में क्या विचार करना है, यह सोचा जाएगा। यह काम यहां पर शुरू हो गया है और पूरे संसार के अंदर दो चीजों में आज चर्चा चल रही है, जिसमें कोआपरेशन की बात की जा रही है-एक है डिजास्टर मैनेजमेंट में कोआपरेशन और दूसरी है टेरेरिज्म का मुकाबला करने के काम में कोआपरेशन, इन दोनों चीजों में कोआपरेशन करने की बात हो रही है। तो इंटरनेशनल लैवल पर जो रहा है, उसमें भी हम शरीक होना चाहते है। थाइलैंड वगैरह में जो इंस्टिट्यूशंस हैं, उनके भी हम मैम्बर बन गए हैं, दूसरे जो वैस्टर्न कंट्रीज में हैं, उनके भी मैम्बर बन गए हैं और इस प्रकार से उसकी हम तैयारी कर रहे हैं।

यहां पर मैंने कल सुना कि बहुत सारे सदस्यों ने दो बातों पर बहुत जोर दिया–एक बात तो यह थी कि फ्लड कंट्रोल करने के लिए आप प्लान बनाइए और दूसरी बात थी कि रिवर शुड बी लिंक्ड। यह बात उन्होंने यहां पर कही। बहुत सदस्यों ने इस बात को दोहराया, इस बात को कहा, ऐसा मैंने पढ़ा । हम यह कहना चाहते हैं कि इसको हम जरूर ध्यान में रखेंगे। हमारा जो इरिगेशन डिपार्टमेंट है, उसको हम यह जरूर देखने के लिए कहेंगे कि जहां पर फ्लड आते हैं, उससे राहत देने के लिए, उससे लोगों का नुकसान न हो, यह देखने के लिए जहां तक हो सके, जल्दी से जल्दी वह वहां पर डैम बनाए। यह काम हमें फुटहिल्स ऑफ हिमालय में करना जरूरी है औरी वेस्टर्न घाट और ईस्टर्न घाट पर भी करना जरूरी है। वहां पर अगर हम प्लान बनाएं तो यह पानी कम हो जाएगा। इसमें एक अड़चन यह आ रही है कि बाहर से जो नदियां आती हैं, जैसे नेपाल से या दूसरी जगहों से आती हैं, उस देश के साथ भी समझौता होना बहुत जरूरी है। जो सरकारें आज तक यहां पर रही हैं, उन्होंने कोशिश की है, उसमें जितना भी हो सकता है, उसके आधार पर करेंगे, मगर हमारे देश के अंदर जहां पर भी यह पानी आता है, पहाड़ियों से, झरनों से, हिमालय से और घाटों से पानी आता है, उसको रोककर बाढ़ को कैसे रोक सकते हैं, यह हम जरूर देखेंगे। दूसरी जो अहम बात है, जिस पर सारे सदन में और सारे देश में सहमति होना जरूरी है और सहमति के बिना काम आसानी से नहीं होगा, वह लिंकेजिस ऑफ रिवर। यह बात सही है कि हिमालय से निकलने वाली जो सारी नदियां हैं या वेस्टर्न घाट से निकलने वाली जो सारी नदियां हैं, बारिश के दिनों में उनमें पानी बहुत होता है और उसे रोकने की व्यवस्था नहीं होने की वजह से वह पानी समुद्र में चला जाता है एवं उस पानी का उपयोग हम लोग नही कर पाते हैं। इसे लिंक करने का विचार बहुत दिन से चल रहा है। मैं तो समझता हूं कि 1960 के दशक में भी, 1966 के जो चुनाव हुए या 1972 में जो चुनाव हुए थे, उन चुनावों में भी यही बात उठाई गई थी और मेनिफेस्टो में भी लिखा गया था। पिछली सरकार जो कि एन॰डी॰ए॰ की सरकार थी, उसने भी इसी बात को अपनाया था और इस चीज को आगे ले जाने की कोशिश की। मैं समझता हूं कि इसके बारे में तैयारियां हो रही है। पहले तो हमें यह देखना है कि कितना पानी समुद्र में जाता है। दूसरी चीज हमें यह देखनी है कि जहां से नदियां हो कर जाती हैं, उस प्रान्त के लिए कितना पानी आवश्यक है, क्योंकि उस प्रान्त को प्यासा रख कर उस प्रान्त का पानी दूसरी जगह ले जाया जाए, यह उचित नहीं होगा। इस प्रकार उस प्रान्त की कितनी जरूरत है उसे देखना होगा। तीसरी चीज हमें यह देखनी होगी कि इसमें लगने वाली जो टेक्नॉलाजी है, वह किस प्रकार की होनी चाहिए और इस पर जो पैसा लगने वाला है, उसकी कितनी जरूरत है। मुझे आज बताया गया है कि करीब–करीब सात लाख करोड़ रुपये की आवश्यकता है और अगर आज ही यह काम शुरू किया जाए और तुरन्त खत्म हो जाए तो उसके लिए सात लाख करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी, लेकिन अगर आज खत्म नहीं हुआ और पांच या दस साल में खत्म हुआ तब यदि हर वर्ष का 12 प्रतिशत एस्केलेशन हम डालें तो उसकी कीमत 15 से 20 लाख करोड़ तक हो सकती है।

पिछली सरकार ने कहा था कि पैसे की कोई दिक्कत नहीं है, हमारे पुराने फाइनेन्स मिनिस्टर साहब यहां बैठे हुए हैं, वे भी जानते है और हम भी जानते है कि जब बड़े प्रोजेक्ट होते हैं तो दुनिया के फाइनान्शियल इन्स्टीट्यूट पैसे देने के लिए तैयार होते हैं एवं कम इंटरेस्ट पर देने के लिए तैयार होते हैं और जब पैसा आ जाता है तो उसका उपयोग हो जाता है। मेरे ख्याल से पैसे की उतनी परेशानी नहीं होगी, पैसा तो आएगा ही, इसके लिए पैसा तो मिलेगा ही, इसके लिए शायद टेक्नॉलोजी की भी दिक्कत नहीं है, लेकिन एक तो आवश्यकता है समझदारी की और दूसरी आवश्यकता है कोऑपरेटिव साइकॉलाजी निर्मित करने की। उसके बिना सह कार्य करना मुश्किल हो जाएगा। प्रत्येक प्रान्त के लोगों को सह बताना जरूरी है कि उन्हें जितना पानी चाहिए, उससे ज्यादा उनके लिए रखा जाना चाहिए, ताकि आने वाले 10-15 साल में भी वह पानी उनको कम न पड़े, वहां पर इतने पानी की व्यवस्था होनी चाहिए। उसके बाद भी यदि पानी समुद्र में जा रहा है तब उस पानी को दूसरी तरफ ले जाने की व्यवस्था करनी चाहिए। संसार एक है और देश तो एक है ही, इस प्रकार पानी की समस्या का निदान हो सकता है।

आज बहुत-से लोग यह कहते हैं कि पानी की वजह से लड़ाइयां हो रही हैं और कुछ लोग तो कहते हैं कि हमारे पास एनर्जी खत्म हो जाएगी, कुछ दिनों के बाद इंडस्ट्रीज़ भी नहीं चलेंगीं। मैं इन दोनों ही विचारों से सहमत हूं। मेरा मानना तो यह है कि हमारा जो ग्लोब है two-third of it is water. जब दो तिहाई पानी है तो पानी की किल्लत कैसे हो सकती है, कमी कैसे हो सकती है? यदि कमी होगी तो हमारे ज्ञान की होगी और हमारी क्षमता की होगी जिसके आधार पर समुद्र का पानी पीने के लिए और सिंचाई के लिए हम ला सकें। आज जरूरी यह है कि हम एक ऐसी टेक्नॉलाजी निर्मित करें जिससे कि कम कीमत में समुद्र का पानी पीने के लिए एवं इरिगेशन के लिए हम दे सकें। एनर्जी की कभी कमी नहीं पड़ने वाली है, every matter is energy and energy is matter, वह तो इंटरचेंजेबल है। यह संसार एनर्जी और मैटर दोनों में ही है, न तो एनर्जी कम पड़ने वाली है, न पानी कम पड़ने वाला है यदि कुछ कम पड़ेगा तो हमारा ज्ञान कम पड़ेगा और यदि हम उसे बढ़ाएंगे तो काम हो जाएगा। उससे भी ज्यादा आवश्यकता आज एक-दूसरे के साथ सहकार करने की है। एक प्रान्त का आदमी, दूसरे प्रान्त के आदमी को अपने घर का ही माने, ऐसी जरूरत है, तभी यह हो सकता है, अन्यथा यह नहीं हो सकता है और वह किस प्रकार से करना है, इसे हमें देखना होगा। यह तो बहुत आसान है कि किसी भी मुद्दे पर हम एक को दूसरे से अलग कर सकें, प्रान्त के नाम पर, भाषा के नाम पर, पानी के नाम पर, बिजली के नाम पर, किसी भी नाम पर हम कर सकते हैं, लेकिन अगर हम सब लोग मिल जाएं और जिसका सबसे ज्यादा उपयोग हो सकता है, यदि हम ऐसा मान लें तो ये सारे प्रश्न हल हो सकते हैं, मैं ऐसा मानता हूं और इस प्रकार का वातावरण नेशनल डेवलेवमेन्ट एथॉरिटी में निर्मित नहीं होगा। इस प्रकार का वातावरण हो सका तो राज्य सभा में और लोक सभा में होगा, बाहर होगा, हमारी मस्तिष्क में वह निर्माण होना चाहिए। तो शुरूआत का तो काम है वह प्रान्त की सरकारें करेंगी, उसके बाद का जो काम है हम सब

लोग मिलकर करेंगे और उसके बाद का तो काम है हमको राज्य सभा और लोक सभा में और बाहर करना पड़ेगा। यह दृष्टिकोण लेकर हम कर रहे हैं। मगर मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि सुरक्षा का प्रश्न हो या बाढ़ का प्रश्न हो, हमारे लोग इतने सक्षम हैं, हमारे देश की ताकत इतनी है, ऊपरी तौर पर हम एक दूसरे के खिलाफ बोलते हुए नजर भी आते हैं तो मन से हम सब लोग एक हैं और इसकी वजह से कोई संकट आ जाए, मनुष्य के द्वारा बनाया हुआ संकट आ जाए या नियति द्वारा बनाया हुआ संकट आ जाए उसका हम मुकाबला कर सकेंगे, ऐसा मुझे लगता है। प्रान्त की सरकारों ने जो काम किया और हम भी अपनी तरफ से यहां से कोई कमी नहीं करेंगे। जो भी हम यहां से कर सकते हैं करने की जरूर कोशिश करेंगे, इतना ही मैं इसके उत्तर में आश्वासन देना चाहता हूं।

श्री शंकर राय चौधरी (पश्चिमी बंगाल): मान्यवर, मैंने कल एक मुद्दा उठाया था जिसका ताल्लुक सीधा-सीधा बाढ़ के साथ नहीं था लेकिन बाढ़ के वक्त वह होता है और वह सिर्फ हमारे पश्चिमी बंगाल में होता है, वह है रिवर इरोजन और इस रिवर इरोजन की वजह से जो मैंने कल विस्तार में बताया था, हमारे तीन डिस्ट्रिक्ट के हर साल दो-तीन-चार गांव नदी में बह जाते हैं।

प्रो॰ राम देव भंडारी (बिहार): बिहार में भी होता है।

श्री शंकर राय चौधरी: बिहार में भी होता है, असम में भी होता है। लेकिन हम तो बंगाल की बात कर रहे हैं। बिहार में है, असम में है और यह मेरा ख्याल है कि अभी तक इसे फ्लड या नेशनल कैलेमिटी में रखा नहीं गया है। तो हम चाहते हैं कि रिवर इरोजन से जो हर साल नुकसान हो रहा है, कम से कम मैं अपनी स्टेट के बारे में बोल रहा हूं, दूसरी स्टेट में भी यही हाल होगा। मैं मानता हूं कि यही हाल होगा। हर साल दो-तीन-चार गांव नदी में बह जाते हैं और नेशनल कैलेमिटी फंड से इनको कोई रिलीफ मिल रही है या नहीं मिल रही है, क्योंकि हमारा अनुभव यह है कि हालांकि इस पर चर्चा 1996 में चली थी, उसके बाद कम से कम हमारे यहां कोई काम नहीं हुआ, खास काम नहीं हुआ है। हर साल यह होता रहता है, हर बारिश के मौसम में यह होता रहता है और सुनते हैं कि मदद की जाएगी, पर वह मदद नहीं हो रही है। सिर्फ रिवर इरोजन नहीं, उसके साथ-साथ जो गांव बह जाते हैं, जमीन बह जाती है, फसल बह जाती है उसका जो मुआवजा या कैलेमिटी फंड की तरफ से भी जो रिलीफ दिया जाता है वह सही ढंग से नहीं आता। तो हम चाहेंगे कि यह एक बहुत पिक्यूलियर इसको बाढ़ कहिए या कुछ कहिए, लेकिन इरोजन जो हमारी समस्या है, इस पर ध्यान दिया जाए। हमने यह सुना हुआ है कि दसवीं पंचवर्षीय योजना में इसके लिए कुछ प्रबंध किया गया है, सुना था साढ़े नौ सौ करोड़ का था, अभी 1996 का फिगर था, अब जरूर बढ़ गया होगा, अगर 12 परसेंट लगाते हैं तो जरूर बढ़ गया होगा। हम चाहते हैं कि कम से कम दसवीं परियोजना के अन्तर्गत जिसके लिए अभी दो साल रह गए हैं, यह जो आफत हमारे ऊपर हर साल आती है, हमारे स्टेट में इसको खत्म किया जाए और हम चाहते हैं कि इसको एक नेशनल प्रोब्लम के तौर पर लिया जाए। इस पर हमारे स्टेट ने बार-बार बोला है । बिहार ने भी बोला होगा, असम ने भी बोला होगा, इसको नेशनल प्रोजेक्ट के ऊपर लिया जाए, क्योंकि इस पर जितना ध्यान देना चाहिए, वह नहीं हो

रहा है क्योंकि यह बड़ा पिक्यूलियर प्रोब्लम है। हम चाहते हैं कि दसवीं परियोजना के अंदर इसका कोई हल निकाला जाए। धन्यवाद।

1.00 P.M.

SHRI NILOTPAL BASU: (West Bengal): Sir, I would just submit one point. I think the question relating to river erosion is also now a part of the National Common Minimum Programme. The basic problem is that all those rivers in the East are international rivers. So, it really needs an integrated river management with neighbouring countries also, and this has now been recognised in the Common Minimum Programme. But somehow, the commensurate financial allocation is not there.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Only clarifications, please. No speeches.

श्रीमती सविता शारदा (गुजरात): उपसभापति महोदय, मुझे एक क्लेरिफिकेशन पूछना है कि गुजरात सरकार की तरफ से 8100 करोड़ रूपये की मांग की गई थी, क्योंकि वहां पर नुकसान बहुत ज्यादा हुआ है। लेकिन वहां पर जो सेंट्रल टीम गई, उसने गुजरात के लिए कितनी रिलीफ रिकमंड की है, इसके बारे में मैं मंत्री महोदय से पूछना चाहती हूं। केन्द्र सरकार की तरफ से केवल 500 करोड़ रुपये मंजूर किये गये हैं, परन्तु गुजरात सरकार ने 8100 करोड़ रुपये की मांग की है, सेंट्रल कमेटी की तरफ से, उनको कितनी रिलीफ दी जा रही है।

